पेज थ्री
देहरादून

हमारा दून

देहरादून बुधवार 26 अगस्त 2020





चैम्पियन की भाजपा में वापसी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए आप के कार्यकत्ता।

## संक्षिप्त समाचार

### समीक्षा अधिकारी की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने के बाद उत्तराखंड हाईकोर्ट को बंद

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना केस आने के बाद उत्तराखंड हाईकोर्ट को बंद कर दिया गया है। बताया जाता है कि समीक्षा अधिकारी के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद एहतियातन यह कदम उठाया गया है। रजिस्ट्रार जनरल हीरा सिंह बोनाल की तरफ से विज्ञप्ति जारी कर व्यापक जनहित में कोर्ट बंद करने की जानकारी दी गई है। मंगलवार के केस अब 27 अगस्त को लिस्टेड होंगे। इस बीच पूरे न्यायालय को सेनिटाइज किया जाएगा। कोर्ट में कोरोना केस आने से न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारी, कर्मचारियों व अधिवक्ता वर्ग की चिंता बढ़ गई है। कोर्ट में अधिकांश मामलों की सुनवाई ऑनलाइन चल रही थी।

### शैक्षणिक सत्र 2020–21 में होने वाली प्रवेश प्रणाली के संबंध में चर्चा हुई

**संवाददाता** देहरादून। एसएमआर डिग्री कॉलेज साहिया में महाविद्यालय प्रवेश समिति एवं प्रबंध कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक चेयरमैन अनिल सिंह तोमर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में नवीन शैक्षणिक सत्र 2020–21 में होने वाली प्रवेश प्रणाली के संबंध में चर्चा हुई और प्रवेशार्थियों की सुविधा हेतु महाविद्यालय द्वारा एक व्हाट्सएप नंबर 9410508036 जारी किया गया। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप नंबर पर प्रवेशार्थी को प्रवेश से संबंधित सभी स्व–प्रमाणित दस्तावेज भेजने होंगे जिसके आधार पर महाविद्यालय स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

### नदियों के किनारे बसे बस्तियों को हटाया जाय

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के महानगर संयोजक सुनील ध्यानी ने कहा है कि विगत निकाय चुनाव से पूर्व उच्च न्यायालय नैनीताल का निर्णय कि नदियों के किनारे बसे बस्तियों को हटाया जाय। उन्होंने कहा कि दल बस्तियों को हटाये जाने का पुरजोर विरोध करेगा। दून शहर में कई अवैध निर्माण तथा सरकारी जमीनों पर कब्जे सरकार को दिखायी नही दे रहा है। उन्होंने कहा कि हाल में नगर निगम में सम्मिलित क्षेत्र जो 40 वार्ड बने एक बड़ा खेल खेला गया है।

### एसटीएफ खंगाल रही आतंकी यूसुफ की कुंडली

**संवाददातां** देहरादून। राम मंदिर शिलान्यास के दौरान अयोध्या और फिर देश की राजधानी दिल्ली को दहलाने की साजिश रच रहे आइएसआइएस के आतंकी यूसुफ के मददगारों की तलाश शुरू हो गई है। चर्चा है कि यूसुफ दिल्ली में पनाह लेने के दौरान उत्तराखंड भी आया था, हालांकि जाहिर तौर पर खुफिया एजेंसियों ने इस बारे में कोई खास जानकारी पुलिस से साझा नहीं की है।

# ऋषिकेश पर्यटन और तीर्थाटन का है मुख्य केंद्र बिंदुः महाराज

**निर्देश**

■ एडवेंचर थीम बेस स्टेशन के रूप में विकसित होगा योग नगरी रेलवे स्टेशन, पर्यटन मंत्री ने दिए ये निर्देश

**संवाददाता**

ऋषिकेश। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने पर्यटन विभाग और रेलवे के अधिकारियों के साथ योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना के पहले स्टेशन योग नगरी ऋषिकेश को एडवेंचर थीम बेस स्टेशन के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज मंगलवार को दोबारा योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन के निरीक्षण को यहां पहुंचे। उनके साथ रेलवे मुरादाबाद मंडल के अपर रेल प्रबंधक एनएन सिंह और सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर शामिल थे।



पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कुछ दिन पहले ही योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था। उन्होंने चारधाम यात्रा और पर्यटन का मुख्य केंद्र होने के नाते योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन को विकसित करने की बात कही थी। निरीक्षण के दौरान पर्यटन मंत्री ने रेलवे और पर्यटन विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश पर्यटन और तीर्थाटन का मुख्य केंद्र बिंदु है, इसलिए ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना का पहला स्टेशन ऐसा होना चाहिए, जो पूरे उत्तराखंड की बानगी यहां पर प्रस्तुत कर दे। उन्होंने इस स्टेशन को एडवेंचर थीम बेस स्टेशन बनाने के निर्देश दिए। साथ ही ऋषिकेश स्टेशन पर उत्तराखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल और पर्यटन स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही।

पत्रकारों से बातचीत में पर्यटन मंत्री ने कहा कि रेलवे विभाग अनुमति देगा, तो प्रदेश का पर्यटन विभाग ऋषिकेश स्टेशन पर पर्यटकों की सुविधा के लिए एक बेहतरीन माहौल तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में तमाम पर्यटन सर्किट तैयार किए जा रहे हैं। इनमें शैव सर्किट, डांडा नागराजा सर्किट, गोलू देवता सर्किट आदि प्रमुख हैं। यहां आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को उत्तराखंड को जानने के लिए मानचित्र और ब्राउसर पर्यटन विभाग की ओर से उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे पर्यटक उत्तराखंड के नए पर्यटन और तीर्थ स्थलों से परिचित हो सके। इसके लिए स्टेशन पर पर्यटन विभाग की ओर से हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना और वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जुड़ने के लिए बेहतर काम कर रही है। होमस्टे और एडवेंचर के जरिए पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन रोकने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर मंडल परिचालन प्रबंधक अर्चित सिंघल, ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना के मुख्य परियोजना प्रबंधक हिमांशु बडोनी, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक बीएस रावत, जीएमवीएन के पूर्व डायरेक्टर पंकज भट्ट, समाजसेवी हितेंद्र पवार आदि मौजूद थे।

### चैम्पियन की भाजपा में वापसी के विरोध में आप का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। खानपुर विधानसभा से भाजपा के विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन को भाजपा में वापसी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पैदल यात्रा निकालकर भाजपा प्रदेश कार्यालय के समीप प्रदर्शन किया और चैम्पियन का पुतला दहन किया। आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनंद के नेतृत्व में इकटठा हुए और वहां से खानपुर से भाजपा विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन व भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यालय की ओर पैदल यात्रा निकाली।

आम कार्यकर्ताओं के भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया और जैसे ही नारेबाजी करते हुए आप कार्यालय भाजपा प्रदेश कार्यालय जाने लगे तो पुलिस ने बैरीकैडिंग लगाकर सभी को रोक लिया और इस बीच पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का मुक्की व नोंकझोंक हुई और बाद में काफी देर तक बैरीकैडिंग पर प्रदर्शन करने के बाद आप कार्यकर्ताओं ने चैम्पियन का पुतला जलाया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसे जन प्रतिनिधि को सबक सीखाने का काम किया जायेगा।

# चमोली में बादल फटा, एक जूनियर इंजीनियर की मौत, पांच घायल

**आफत**

■ अंसारी गांव में तड़के करीब तीन बजे बादल फटा

देहरादून। **संवाददाता**

चमोली जिले के तहसील पोखरी क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले राजस्व क्षेत्र के ताली अंसारी गांव में आज तड़के करीब तीन बजे बादल फट गया। इससे मकान के ऊपर भूस्खलन हो गया। इसमें सड़क बना रही कंपनी के अवर अभियंता की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। उनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोखरी में इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बादल फटने से हुए भूस्खलन से मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मलबे में दबने से अवर अभियंता मयंक सेमवाल (24 वर्ष) पुत्र सतीश चंद्र निवासी ग्राम बेनोली पोस्ट तिलवाड़ा जनपद रुद्रप्रयाग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पोकलेंड मशीन ऑपरेटर जयपाल सिंह (31 वर्ष) पुत्र जोगीराम निवासी ग्राम व पोस्ट ऑफिस टिंबी थाना सिलाई जनपद सिरमौर हिमाचल प्रदेश, जेसीबी ऑपरेटर अनिल सिंह (25 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम नौली पोस्ट ऑफिस कलसिर पोखरी चमोली, मजदूर रमेश (24 वर्ष) पुत्र चंचल निवासी निवासी बांसगढ़ी जिला वर्धा नेपाल घायल हो गए। इसके अलावा दो अन्य लोगों को भी चोटें आईं हैं।

बताया गया कि क्षेत्र में पीएमजीएसवाई योजना के तहत सड़क निर्माण हो रहा था। सभी लोग पंचायत घर में रह रहे थे। पंचायत घर की प्रथम तल भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुआ है। ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह ने बताया कि घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने राहत बचाव कार्य कर घायलों को चिकित्सालय पहुंचाया। उत्तराखंड में मानसून ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। बारिश के कारण पहाड़ों में जगह–जगह भूस्खलन का क्रम जारी है। देहरादून समेत अन्य मैदानी जिलों में बारिश के कारण नदी–नाले उफान पर हैं।

### दून में बदला मौसम, दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश

शहर में अभी बारिश कुछ दिन और परीक्षा ले सकती है। 26 अगस्त को राज्य के छह जिले देहरादून, टिहरी, पौड़ी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर में भारी से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई गई है। जबकि मौसम विभाग ने उत्तराखंड में मानसून के रफ्तार पकड़ने की संभावना जताई थी। इसी क्रम में मंगलवार को देहरादून समेत अन्य जिलों में भी हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। देहरादून में दोपहर बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ। इस दौरान रिस्पना, बिंदाल नदी समेत अन्य बरसाती नाले भी उफान पर रहे।

### नई शिक्षा नीति में संस्कृत की स्थिति पर होगी चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। नई शिक्षा नीति 2020 में संस्कृत की स्थिति पर वर्चुअल प्लेटफोर्म जूम एप पर होगा नई शिक्षानीति एवं संस्कृत विषय पर राज्यस्तरीय संवाद कार्यक्रम जिसमें पूरे देश से उच्चस्तरीय शिक्षाविद जुडे और उन्होंने अपने अपनी राय दी और इस पर व्यापक स्तर पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा विभाग, संस्कृत भारती उत्तरांचल एवं प्रदेश के प्रमुख विश्वविद्यालय, आईआईटी रुड़की , केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय देवप्रयाग, उच्च शिक्षा निदेशालय हल्द्वानी, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय देहरादून, प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय देहरादून तथा अन्य एकेडमिक संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में नई शिक्षा नीति एवं संस्कृत 2020 विषय पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।